**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय के छात्रों को बैंक ऑफ बड़ौदा अचीवर्स अवार्ड से किया गया सम्मानित

पन्तनगर। 22 मई, 2024। विश्वविद्यालय में बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2022–23 के लिए शैक्षणिक संस्थान में शैक्षणिक अनुसंधान और ऑल राउन्डर में उत्कृष्टता का प्रदर्शन करने वाले मेघावी छात्रों को बैंक ऑफ बड़ौदा अचीवर्स अवार्ड के तहत सम्मानित करने हेतु विश्वविद्यालय केन्द्र (नाहेप भवन) में आज सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख, बैंक आफ बड़ौदा श्री अंजनी कुमार सिंघल, कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह मंचासीन थे। कार्यक्रम में मास्टर लेवल सर्वश्रेष्ठ छात्र शोधकर्ता का पुरस्कार के लिए विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के विवेक नेगी; सभी विषयों में यूजी स्तर के अकादमिक में सर्वश्रेष्ठ के लिए कृषि महाविद्यालय की मल्लिका त्रिपाठी एवं विश्वविद्यालय स्तर के सर्वश्रेष्ठ ऑल राउंडर (यूजी) के लिए कृषि महाविद्यालय की नेहा बिष्ट को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, संकाय सदस्य, विद्यार्थी एवं अन्य अतिथि उपस्थित थे।

*मेघावी छात्रों को पुरस्कृत करते अधिकारीगण।*

**निदेशक संचार**